# मध्यप्रदेश विधान सभा
# सचिवालय
# समाचार

## विधान सभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रदेशवासियों को दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

भोपाल, 14,अगस्त 2026

मध्यप्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त का दिन प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव, आत्मसम्मान और देशभक्ति का पर्व है। यह दिन हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों और अमर बलिदानियों के त्याग, संघर्ष और समर्पण का स्मरण कराता है, जिनके अथक प्रयासों से देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुई।

श्री तोमर ने कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यों का भी बोध कराती है। आजादी के अमृत काल में भारत निरंतर प्रगति और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। लोकतंत्र की मजबूती, सुशासन, सामाजिक समरसता और जनभागीदारी के माध्यम से हम विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि मध्यप्रदेश ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदेश की जनता की मेहनत, युवाओं की ऊर्जा, महिलाओं की सहभागिता और किसानों के परिश्रम से मध्यप्रदेश नई संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। हमें स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों के भारत के निर्माण के लिए अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करना होगा।

उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हम सभी राष्ट्र की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूत करने का संकल्प लें। अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए प्रदेश और देश के विकास में सहभागी बने। यह दिन हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आइए, इस पावन अवसर पर हम सभी मिलकर समृद्ध, सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश तथा विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लें।

श्री तोमर ने  प्रदेश के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए एक बार पुनः स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## विधान सभा में प्रमुख सचिव करेंगे ध्वजारोहण

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय में स्वाधीनता दिवस (15 अगस्त) को प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण होगा। इस अवसर पर विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री अरविंद शर्मा सचिवालय प्रांगण में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधान सभा भवन को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।

विस/जसं/26

महावीर सिंह<br>
सूचना अधिकारी